# युवाओं के लिए खजाना खोलने जा रही योगी सरकार

## कॉलेजों के रिसर्च के क्षेत्र में काम करने वाले छात्रों को होगा फायदा

» उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद की विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों को लागू करने को सहमति प्रदान की



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** उच्च शिक्षा में शोध एवं नवाचार के लिए यूपी की योगी सरकार अपना खजाना खोलने जा रही है। सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद की विशेषज्ञ समिति की शोध एवं नवाचार को लेकर की गई सिफारिशों को प्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों में लागू करने को सहमति प्रदान कर दी है। दरअसल समिति ने विश्वविद्यालयों के रिसर्च और डेवलपमेंट योजना में प्रस्तुत प्रस्तावों के तहत आर्थिक सहायता देने तथा शोध केंद्रों को उनकी जरूरत के अनुसार अनुदान देने समेत कई सिफारिशें की हैं। साथ ही प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों में शोध केंद्र स्थापित करने की जोरदार वकालत की है ताकि प्रदेश में शोध एवं अनुसंधान कार्यों को पंख लग सके।

सरकार ने प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों के शिक्षकों को रिसर्च और डेवलपमेंट योजना के तहत शोध कार्यों के लिए बीते 2024 में 57.38 लाख रुपए की वित्तीय सहायता स्वीकृत की थी। यह वित्तीय सहायता प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में शोध कार्यों की गुणवत्ता में सुधार और नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्वीकृत किया गया था लेकिन स्वीकृत राशि को लेकर कई शिक्षण संस्थानों ने नाराजगी व्यक्त की थी क्योंकि उनकी अपेक्षा के अनुरूप यह वित्तीय सहायता बेहद कम थी।

इसको लेकर शासन स्तर पर हुई कई बैठकों में शिक्षण संस्थानों ने जरूरत के अनुसार वित्तीय सहायता देने की मांग की थी। वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालयों में लखनऊ विश्वविद्यालय, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय (बरेली), महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ (वाराणसी), वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय (जौनपुर) और सिद्धार्थ विश्वविद्यालय (कपिलवस्तु, सिद्धार्थ नगर) प्रमुख रूप से शामिल है।

हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शोध कार्यों को बढ़ावा दिए जाने तथा इसके लिए धन की कोई कमी नहीं होने दिए जाने की बात कहे जाने के बाद शासन ने सभी राज्त विश्वविद्यालयों से कहा है कि वे अपने संस्थान में शोध और नवाचार को गति प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास करें तथा वित्तीय सहायता के लिए उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद की विशेषज्ञ समिति से सिफारिशें कराकर अपना डिमांड भेजें। सरकार उसे हर हाल में पूरा करेगी। इस बारे में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय कहते हैं कि शोध और अनुसंधान शिक्षा का आधार स्तंभ है।

राज्य सरकार प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों में शोध और नवाचार को गति प्रदान करने के लिए पूरे मनोयोग से धन देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी शोध केंद्र बनाने का है जिसमें सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सहायता राशि की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। वहीं उच्च शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि सरकार के इस कदम से अब शिक्षण संस्थानों में न केवल शोध की दिशा में नई ऊर्जा का संचार होगा, बल्कि छात्रों को भी विश्वस्तरीय शोध वातावरण उपलब्ध होगा।

## सुशांत गोल्फ सिटी में अवैध पॉम रेजीडेंसी पर चला एलडीए का बुलडोजर

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण व प्लाटिंग के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र में कार्यवाही की। इस दौरान लगभग 60 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग कर विकसित की जा रही पॉम रेजीडेंसी को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि पंकज जायसवाल व अन्य द्वारा सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र के ग्राम-बक्कास में लगभग 60 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए पॉम रेजीडेंसी नाम से अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इस अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे।

## छात्राएं अपने ज्ञान व प्रतिभा के बल पर राष्ट्र सेवा में योगदान दें : उच्च शिक्षा मंत्री







**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि मंत्री उपाध्याय ने वर्ष भर में संपन्न विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 139 छात्राओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए। साथ ही, उन्होंने अटल अंजुली क्लब के न्यूज लेटर का विमोचन भी किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी विरासत के प्रति गर्व की भावना जगाते हैं। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान और प्रतिभा के बल पर राष्ट्र सेवा में योगदान दें। शिक्षा को रोजगार और तकनीक से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों का भी उल्लेख किया, जिनके अनुसार शिक्षा में संस्कारों का समावेश होना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि और महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर अनुराधा तिवारी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि महाविद्यालय में आना हमेशा सुखद अनुभव रहा है। उन्होंने छात्राओं से गुरुजनों से ज्ञान ग्रहण कर अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा दी। इसके साथ ही उन्होंने महादेवी वर्मा की पंक्ति संस्थानों में राष्ट्र का भविष्य निर्मित होता है को अंगीकार करने की सीख दी।

महाविद्यालय की वर्तमान प्राचार्य प्रोफेसर रश्मि बिश्नोई ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि शासन, उच्च शिक्षा मंत्री, स्थानीय विधायक डॉ. नीरज बोरा, निदेशक महोदय, जिला प्रशासन, एलडीए और पुलिस प्रशासन के सक्रिय सहयोग से विगत 30 वर्षों से लंबित अवैध अतिक्रमण हटाकर महाविद्यालय परिसर में चहारदीवारी का निर्माण संभव हो सका है।समारोह के दौरान तीन पुस्तकों का भी विमोचन किया गया, जिसमें प्रोफेसर शिवानी श्रीवास्तव की इंप्रूविंग इम्यूनिटी थ्रू होम गार्डनिंगₔ, डॉ. पूनम वर्मा की बेसिक्स ऑफ फाइनेंशियल मार्केट और प्रोफेसर अनुराधा तिवारी, प्रोफेसर रश्मि बिश्नोई समेत कई विद्वानों द्वारा लिखित सस्टेनेबल डेवलपमेंट एंड एनवायरमेंटल प्रोटेक्शन शामिल हैं। ये पुस्तकें महाविद्यालय के उच्च अकादमिक स्तर को दर्शाती हैं।

कार्यक्रम में 31 विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिनमें अटल अंजुली क्लब के गरबा नृत्य, फैंसी ड्रेस, मेहंदी प्रतियोगिता, हिन्दी और शिक्षा विभाग के निबंध, एनएसएस के पोस्टर, महिला प्रकोष्ठ के नारा लेखन, मिशन शक्ति के फैंसी ड्रेस और गृह विज्ञान विभाग के स्तन पान सप्ताह प्रतियोगिता शामिल थीं। पुरस्कार वितरण का कुशल संचालन प्रोफेसर विनीता लाल के नेतृत्व में हुआ, जबकि कार्यक्रम का संचालन डॉ. शालिनी श्रीवास्तव और डॉ. रश्मि अग्रवाल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर शिवानी श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं, जिन्होंने समारोह की सफलता में योगदान दिया। यह समारोह न केवल छात्राओं की प्रतिभा को प्रदर्शित करता है, बल्कि महाविद्यालय की शैक्षिक और सांस्कृतिक प्रगति को भी रेखांकित करता है।

## 69000 शिक्षक भर्ती मामले में नहीं हो सकी सुनवाई, फिर मिली तारीख

» सरकार की ओर से पहल न होने से नाराज हैं आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी

» इको गार्डन में धरना जारी सामजिक संगठन का मिला समर्थन

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नई दिल्ली/लखनऊ।** 69000 शिक्षक भर्ती मामले में एक बार फिर सुनवाई न होने से अभ्यर्थी परेशान है। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई होनी थी लेकिन समयाभाव के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। इस प्रकरण की अगली सुनवाई 15 अप्रैल के लिए लगाई गई है।

इस प्रकारण की पहली सुनवाई सितंबर माह 2024 में हुई थी उसके बाद से लगातार के तारीख पर तारीख मिल रही है। जबकि हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार इस प्रकरण का पटाक्षेप तीन महीने के अंदर सरकार को करना था। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने कहा की इस प्रकरण के निस्तारण के लिए सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की जा रही है। जिसके चलते सुप्रीम कोर्ट से डेट मिल रही। अमरेंद्र ने कहा कि हम आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी पिछले लगभग पांच वर्ष से लगातार संघर्ष करते आ रहे हैं सरकार से मांग करते हैं, लेकिन हमारी बात नहीं सुनी जा रही। सुनवाई न होने से सभी अभ्यर्थी आहत है।सरकार की ओर से पहल की मांग को लेकर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का धरना इको गार्डन में लगातार जारी हैं।

अभ्यर्थियों का कहना है जबतक उनकी मांग पूरी नहीं होती वह धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे। धरना में धनंजय गुप्ता, विक्रम यादव, अनंत कुमार, रंजीत कुमार, ममता प्रजापति, कल्पना, स्वेता, संदीप, सुभाष चंद्र पटेल आदि शामिल रहे।पीसी कुरील ने अभ्यर्थियों की मांग का किया समर्थनराष्ट्रीय भागीदारी आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीसी कुरील और उनके साथी लाईक खान, रामकुमार, इंद्रपाल ने इको गार्डन पहुंचकर अभ्यर्थियों के आंदोलन का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इस बारे में वह मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर मामले के निस्तारण के लिए निवेदन करेंगे।

## सांस्कृतिक महोत्सव सरस मेला का भव्य समापन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा "सरस मेला" का शानदार आयोजन उत्तराखंड भवन विभूति खंड गोमती नगर में 30 मार्च से 8 अप्रैल तक किया गया। मेला 8 अप्रैल को सफलतापूर्वक समापन हुआ। मेले में भारतीय हस्तशिल्प और पारंपरिक उत्पादों का एक बेजोड़ संग्रह प्रस्तुत किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से लेकर बिहार, उत्तराखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, पंजाब, पश्चिम बंगाल, असम और केरल जैसे राज्यों की महिलाओं द्वारा बनाए गए विशिष्ट हस्तशिल्प और परंपरागत उत्पाद प्रदर्शित किए गए थे।



मेले में दर्शकों को प्रतापगढ़ का आँवला उत्पाद, कानपुर देहात की साड़ियाँ, गोरखपुर का टेराकोटा, उन्नाव की साड़ियाँ, बागपत की बेड शीट्स और बिहार से खिलौने, अचार, पापड़ जैसे आकर्षक उत्पाद देखने को मिले थे। इसके अलावा, ओडिशा, उत्तराखंड, केरल, महाराष्ट्र, पंजाब और पश्चिम बंगाल से भी हस्तशिल्प और पारंपरिक उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध थे। समापन दिवस के अवसर पर प्रसिद्ध गायिका सुश्री उपमा पांडे द्वारा लोकगायन की विशेष प्रस्तुति दी गई। पर्वतीय महापरिषद उ०प्र० ने भी इस सांस्कृतिक महोत्सव की शोभा को और बढ़ाया। उनका गायन भारतीय लोकसंगीत की समृद्ध धारा को प्रस्तुत करते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

"सरस मेला" केवल शॉपिंग के लिए एक बेहतरीन अवसर नहीं था, बल्कि विभिन्न राज्यों की संस्कृति, कला और हस्तशिल्प के अद्वितीय रूपों का अनुभव भी प्रदान करता था। यह मेला भारतीय सांस्कृतिक धरोहर और कला के प्रति जागरूकता फैलाने का एक बेहतरीन प्रयास साबित हुआ। मिशन निदेशक दीपा रंजन ने सभी उत्पादकों, कलाकारों, सहयोगियों और दर्शकों की सराहना करते हुए इस असाधारण सांस्कृतिक यात्रा का हिस्सा बनने के लिए सभी को शुभकामनाएं दी। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र किए गए। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से महिलाएं आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त होंगी। भारतीय संस्कृति धरोहर के रूप में संरक्षित एवं संवर्धित होंगी। "सरस मेला" का समापन हो चुका है, लेकिन यह सांस्कृतिक महोत्सव शॉपिंग प्रेमियों और भारतीय सांस्कृतिक धरोहर के शौक़ीनों के लिए एक अभूतपूर्व अनुभव बनकर रहेगा। मौके संयुक्त मिशन निदेशक जन्मेजय शुक्ला मिशन मैनेजर करुणेश सिंहा, अजय प्रताप सिंह, सुधीर सिंह, डॉ नन्दकिशोर साह, यंग प्रोफेशनल तुषार हरिहर हिमांशु गुप्ता शाहिद बड़ी संख्या में दर्शन मौजूद रहे।

## प्रदेश में विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्य अभिनंदन सम्मेलन का शुभारम्भ

» सम्मेलनों में मंत्री, पार्टी पदाधिकारी व भाजपा नेताओं ने वक्ता के रूप में किया जनसंवाद



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस अभियान के तहत मंगलवार से प्रदेश में विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्य अभिनंदन सम्मेलनों का शुभारम्भ हुआ और 238 विधानसभाओं में अभिनंदन सम्मेलन सम्पन्न हुए। अभिनंदन सम्मेलनों में प्रदेश सरकार के मंत्री, पार्टी पदाधिकारी तथा भाजपा नेताओं ने वक्ता के रूप में पहुंचकर जनसंवाद किया।

अभियान के अन्तर्गत मंगलवार को राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष ने पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में वर्चुअल माध्यम से प्रदेश एवं क्षेत्र की अभियान टीम के साथ संवाद भी किया। भाजपा प्रदेश महामंत्री व अभियान के प्रदेश संयोजक श्री संजय राय ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष ने पार्टी प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में वर्चुअल माध्यम से प्रदेश एवं क्षेत्र की अभियान टीम के साथ संवाद करते हुए कहा कि अभियान के माध्यम से पार्टी की विचारधारा तथा भाजपा सरकार के ऐतिहासिक निर्णयों व जनकल्याण की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम करना है। विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ सभी को जोड़ने का काम करना है। राय ने बताया कि भाजपा स्थापना दिवस अभियान के अन्तर्गत प्रदेश की 238 विधानसभाओं में मंगलवार को पार्टी के सक्रिय सदस्यों के अभिनंदन सम्मेलन संपन्न हुए। बुधवार को शेष विधानसभाओं में अभिनंदन सम्मेलन आयोजित किये जाएगें। सम्मेलनों में जहां एक ओर पार्टी के सक्रिय सदस्यों का अभिनंदन किया जा रहा है। वहीं भाजपा के चुनावी संगठन विस्तार पर सक्रिय सदस्यों के बीच चर्चा की जा रही है। इसके साथ ही भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन तथा प्रधानमंत्री के रूप में माननीय नरेन्द्र मोदी जी के 11 वर्षों में विकसित भारत की यात्रा पर संवाद भी हो रहा है।श्री संजय राय ने बताया कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ जिले की कैंट विधानसभा के सक्रिय सदस्य अभिनंदन सम्मेलन को सम्बोधित किया। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष श्री रमापति राम त्रिपाठी ने देवरिया जिले की रामपुर कारखाना विधानसभा में सक्रिय सदस्यों को सम्बोधित किया।

प्रदेश सरकार के मंत्रियों में शाहजहांपुर नगर विधानसभा में सुरेश खन्ना, कानपुर देहात के रनिया अकबरपुर विधानसभा में प्रतिभा शुक्ला, बांदा जिले के तिंदवारी विधानसभा में रामकेश निषाद, देवरिया जिले की सलेमपुर विधानसभा में विजयलक्ष्मी गौतम, अमेठी जिले की तिलोई विधानसभा में मंयकेश्वर शरण सिंह, हरदोई सदर विधानसभा में नितिन अग्रवाल, बाराबंकी जिले की दरियाबाद विधानसभा में सतीश चन्द्र शर्मा, रायबरेली जिले की बछरावां विधानसभा में दिनेश प्रताप सिंह तथा रामपुर जिले की विलासपुर विधानसभा में बलदेव सिंह ओलख ने सक्रिय सदस्यों के अभिनंदन सम्मेलन को सम्बोधित किया। इसके साथ ही प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, आयोग-निगम-बोर्ड के अध्यक्ष/सदस्य, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि तथा पार्टी के पदाधिकारी व वरिष्ठ नेता सम्मेलनों में संवाद के लिए पहुंचे।

## सक्रिय सदस्य सम्मेलन में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में लखनऊ महानगर में आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों के अंतर्गत आज उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कैंट, राज्यसभा सांसद डॉक्टर दिनेश शर्मा ने मध्य एवं महापौर सुषमा खर्कवाल और विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने सरोजिनी नगर विधानसभा में आयोजित सक्रिय सदस्य सम्मेलनों को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया।

भाजपा नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा किए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्षों में किए अभूतपूर्व कार्यों की विकास यात्रा से अंतर्राष्ट्रीय पटल पर और देश में हुए विकास के साथ राजनीति में आए परिवर्तनों की गाथा को कार्यकर्ताओं से साझा किया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बक्श सिंह डिग्री कॉलेज कनौसी में कहा कि भारत माता की छवि कांग्रेस पार्टी की व्यक्तिगत तुष्टिकरण राजनीति और घोटालों के कारण देश और दुनिया के पैमाने पर खराब हो गई थी। गरीब आदमी गरीब हो रहा था और सिर्फ अमीर आदमी ही अमीर हो रहा था। प्रधानमंत्री के समक्ष चुनौती थी कि पंडित दीनदयाल जी की एकात्म मानववाद की विचारधारा के अनुरूप अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति की आर्थिक व्यवस्था को ऊंचा उठाना था और अंतरराष्ट्रीय पटल पर भी भारत को मान सम्मान दिलाना था। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अनेक जन कल्याण की योजनाएं आरंभ की गई, जिसमें चार करोड़ से अधिक लोगों को निःशुल्क मकान देकर के इतिहास रचने का काम किया। जल से नल, आयुष्मान भारत कार्ड से 5 लाख तक का निशुल्क इलाज, पीएम सुनिधि योजना, किसान सम्मान योजना, मुद्रा योजना, घर-घर बिजली जैसी अनेकों अनेक योजनाओं के साथ एक करोड़ ड्रोन दीदी बनाकर बहनों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का कार्य किया है।

## एलडीए ने दुबग्गा व ठाकुरगंज में की कार्रवाई, 3 अवैध प्लाटिंग को किया ध्वस्त

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर अवैध प्लाटिंग के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रवर्तन जोन-7 की टीम ने दुबग्गा व ठाकुरगंज क्षेत्र में कार्यवाही की। इस दौरान लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 03 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया।

प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि महावीर, रघुनाथ व अन्य द्वारा दुबग्गा के ग्राम-कटौली में काकोरी रोड पर लगभग 03 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। इसी तरह जकी अहमद, शमशाद, आदिल व अन्य द्वारा दुबग्गा के अमेठिया, सलेमपुर में झाकर बाग चौराहे के पास लगभग 05 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। वहीं, राजकुमार तिवारी व अन्य द्वारा ठाकुरगंज के मौरा में लगभग 02 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था।

प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन तीनों अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में प्रवर्तन टीम द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी। इस दौरान डेवलपर द्वारा स्थल पर विकसित की गयी सड़क, नाली, बाउन्ड्रीवॉल आदि को ध्वस्त कर दिया गया।

## कार्यक्रम राजधानी के कला स्रोत आर्ट गैलरी में चल रही छापा कला और मूर्तिकला की प्रदर्शनी

# छापाकला प्रदर्शनी के बहाने छापा कला में संभावनाएं

» यह प्रदर्शनी कला महाविद्यालय के छापा कला और मूर्तिकला के छात्रों के कलाकृतियों की







**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** कला का हमारे जीवन और समाज से एक गहरा संबंध है। जीवन में सुलभ और सहज बनाने के लिए ना जाने क्या क्या चीजें इंसान ने बना ली है। ऐसे ही प्रचार प्रसार के लिए कला के विभिन्न माध्यमों का भी विकास किया जिसमें छपाई एक महत्वपूर्ण रहा है। एक से अधिक लोगों तक पहुंचने के लिए आज छपाई के अनेक माध्यम हैं। छापाकला जहां मात्र छपाई का माध्यम था आज न केवल कलात्मक माध्यम है बल्कि जनसंचार का भी शक्तिशाली साधन भी है। यह दुनिया के विभिन्न संस्कृतियों में किसी न किसी रूप में समाहित है। भारत में इसका एक समृद्धशाली इतिहास रहा है। जिसकी शुरुआत लकड़ी के ब्लॉक, स्टेंसिल, पत्थर के छपाई थी। आजकाल एक प्रयोगात्मक स्वरूप में है।

इसी छपाई पद्धति को छापा कला जो सर्जनात्मक विकास में सहयोगी बना। इसी छापा कला और मूर्तिकला की एक प्रदर्शनी इन दिनों लखनऊ के कला स्रोत आर्ट गैलरी में चल रही है। यह प्रदर्शनी कला महाविद्यालय के छापा कला और मूर्तिकला के छात्रों के कलाकृतियों की है। जिसमें छात्रों ने अपने कला अध्यापकों के मार्गदर्शन में अनेक प्रयोग किए हैं। आप इनके प्रयोग इनकी कृतियों में देख सकते हैं। यह खासतौर पर छापा कला की महत्वपूर्ण प्रदर्शनी है। इस प्रदर्शनी में छापा कला के 35 के 69 प्रिंट्स और मूर्तिकला के 11 छात्रों के 15 मूर्तिशिल्प प्रदर्शित किए गए हैं। छापा कला के छात्र सुहानी सिंह , ऊषा मोदी ,मयंक कुमार , वैशाली सेंगर, श्वेता सिंह,दिव्या सिंह, दीपांजलि, आदित्य कुमार गौतम, साक्षी मौर्या, अनामिका तिवारी,नीता कुमारी, श्रेया गोस्वामी, वंदना, प्राची पटेल,अभिनय सिंह, विवेकानंद रजक ,चन्दन, ऋषभ,ऋषि, सिमरन, अंजली यादव,गौरव, आकाश कुमार, ज्योत्सना, मारिया खातून,रीतू कुशवाहा,अंशिका चौधरी,दिव्यांशी, आरेंद्र चौधरी,हर्षिका सिंह,सृष्टि कुशवाहा,साधना राजपूत,कोमल देवी, वंदना गुप्ता,श्रेयांसी सिंह मूर्तिकला के छात्र में कमल, कपिल शर्मा,अनिकेत पटेल,ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह,श्रेष्ठ मिश्रा,वंशिका सिंह,दृश्या अग्रवाल, हेमंत, कौशिकी द्विवेदी,जय नारायण हैं।

इस प्रदर्शनी का संयोजन छापा कलाकार रवि अग्रहरि जो वर्तमान में कला महाविद्यालय में कला अध्यापक हैं, ने किया है। आइए इस कला महाविद्यालय में छापा कला के स्थापना और विकास के इतिहास से रूबरू होते हैं।

छपाई का प्रचलन उत्तर प्रदेश में अंग्रेजों के समय से ही शुरू हुआ था। साथ ही तकनीक के साथ छापा को और विकसित किया गया। उत्तर प्रदेश के कई नगरों के साथ लखनऊ में भी बड़े बड़े छापेख़ाने थे। प्रायः इनमें प्रकाशन सामग्री की ही छपाई होती थी। लेकिन तब यह छपाई लिथो और ब्लॉक प्रिंटिंग प्रोसेस के माध्यम से ज्यादा थी। बाद में राजकीय कला एवं शिल्प महाविद्यालय में इसी छपाई पद्धति को एक कलात्मक विकास की तरफ अग्रसर करने का प्रयास शुरू हुआ। जिसके लिए कलाकारों का योगदान आज भी सराहनीय है। सर्वप्रथम एल एम सेन का नाम महत्वपूर्ण है इस छापाकला की कड़ी में। वे चित्रकला के साथ साथ छापाकला विधा में भी सक्रिय थे। साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण कार्य भी किया। वरिष्ठ कलाकार जय कृष्ण अग्रवाल जी ने बताया कि महाविद्यालय में पहले मुद्रण कोर्स चलते थे। जो अख़बार और टेकनीशियन के स्तर पर ही संचालित हो रहे थे। लिथो प्रोसेस एंड फोटो मैकेनिकल के रूप में जो कलात्मक प्रिंट के लिए प्रयोग किए जाते थे।

स्वतंत्रता के बाद 1956 में सुधीर रंजन खास्तगीर के प्रिंसिपल पद पर आने के बाद कला महाविद्यालय में बड़े पैमाने पर सकारात्मक परिवर्तन हुए। उनमें से प्रिंट मेकिंग के प्रति और जागरूकता के साथ छापा कला को व्यावसायिकता के साथ सर्जनात्मक स्वतंत्र अभिव्यक्ति के रूप में विकसित करने का कार्य हुआ। पहले लिथो और काष्ठ ब्लॉक मेकिंग और फोर फोटोग्राफी ही हुआ करता था। ब्लॉक मेकिंग कोर्स फोटोग्राफी विषय पर आधारित था। जिसमें कैमरा और केमिकल प्रोसेस को समझाया जाता था। फोटो डेवलपिंग एंड टेक्नीक प्रिंटिंग, ए एम टी, आर्किटेक्चर, कमर्शियल आर्ट मुख्य कोर्स में थे। उस वक्त लिथो बहुत व्यापक कोर्स हुआ करता था। फाइन आर्ट और मूर्तिकला एक साथ थे। कला महाविद्यालय में छापा कला की स्थापना हुई। जिसका कार्यभार 1963 में जय कृष्ण अग्रवाल जी को सौंपा गया। जय कृष्ण अग्रवाल जी को प्रिंट मेकिंग में संपूर्ण जानकारी थी।

अग्रवाल जी के देखरेख में यह विभाग विकसित होने लगा। बाद में सोमनाथ होर से छापा कला की अन्य विधाओं की जानकारी प्राप्त की। जिससे धीरे धीरे काष्ठ कला, लिथोग्राफी के साथ साथ एचिंग, एक्वांटिंट आदि की भी जानकारी दी जाने लगी। 1970 में राज्य ललित कला अकादमी में भी जय कृष्ण अग्रवाल जी द्वारा प्रिंटमेकिंग वर्कशॉप स्थापित किया गया और आज भी एक प्रिंटिंग मशीन है। लेकिन दुर्भाग्य वस बंद होगया और वहां क्रिएटिव सेंटर बना दिया गया। 1980 में ललित कला अकादमी क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना हुई जिसमें अन्य विधाओं के साथ छापाकला का भी वर्कशॉप स्थापित किया गया। इस वर्कशॉप में आर के सरोज को सुपरवाइजर बनाया गया।

कला महाविद्यालय में छापाकला विभाग के अध्यक्ष जय कृष्ण अग्रवाल जी के मार्गदर्शन में प्रारम्भ हुए विभाग से अनेकों छात्रों ने इस विधा में पारंगत हुए जिसमें से पद्मश्री श्याम शर्मा, मनोहर लाल, आर के सरोज,भुगरा, गोपाल दत्त शर्मा, गोगी सरोज पाल, सावित्री पाल, रागिनी उपाध्याय, अफ़रोज़ (पाकिस्तान), किरण राठौर, ज्योति शुक्ल, रंजन विश्वकर्मा,अवनीश सिंह, भूपेंद्र कुमार अस्थाना,अमिता जैसे और भी न जाने कितने छात्र रहे हैं।

कला महाविद्यालय में छापाकला विभाग में जय कृष्ण अग्रवाल, मनोहर लाल भुगरा और बाद में राजन एस फुलारी जैसे प्रिंट मेकर नियुक्त किए गए। वर्तमान में यह पद खाली है। कुछ नए ऊर्जावान कलाकारों सोनल वार्ष्णेय, शिखा पांडेय, रंजन विश्वकर्मा, वर्तमान में गेस्ट फैकल्टी के रूप में रवि अग्रहरि के माध्यम से आज भी यह विधा काफी अच्छा काम कर रहा है छात्रों की रचनात्मकता फल फूल रही है। छात्र छापाकला के समस्त विधाओं इचिंग, लिथो, सेरीग्राफी, उडकट, ड्राई प्वाइंट, मेज़ोटेंट, इंग्रेविंग, लीनो कट, विस्कोसिटी आदि में काम कर रहे हैं।

## एक नजर

### महायात्रा पर गए महादानी शिव नारायण मिश्र

**लखनऊ।** पत्नी सहित देहदान और नेत्रदान का संकल्प लेने वाले लेखक, कवि एवं साहित्यकार पंडित शिव नारायण मिश्र मंगलवार को महायात्रा पर चले गए। करीब 74 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली तो उनके संकल्प के मुताबिक देह दान में दे दी गई। उनकी पत्नी विमला का पार्थिव शरीर 2016 में दान दे दिया गया था। मूलरूप से अंबेडकर नगर निवासी पंडित शिव नारायण मिश्र टीचर थे। वह जवाहरलाल नेहरू इंटर कालेज बहरौली के उप प्रधानाचार्य भी रहे। काफी समय तक किराए के मकान में रहने के बाद उन्होंने गोसाईगंज में गुमटी नंबर पांच के पास स्थित नई कालोनी में अपना आशियाना बनाया। 20 सितंबर 1947 को जन्मे शिव नारायण मिश्र शिक्षक के साथ ही लेखक, कवि और साहित्यकार बने। उन्होंने 14 पुस्तकें लिखी। श्री मिश्र को 22 जनवरी 2018 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों मधुलिमये साहित्य सम्मान 2016 से सम्मानित किया। वर्ष 2011 में पंडित शिव नारायण मिश्र ने देहदान का संकल्प लिया और अपनी देह की वसीयत मेडिकल संस्थान के नाम लिख दी। महादानी की धर्मपत्नी विमला ने भी देहदान कर दिया था। उनका संकल्प 65 वर्ष की उम्र में 19 जून 2016 को पूरा हुआ। अंतिम सांस लेने के बाद उनका शरीर मेडिकल स्टूडेंट के लिए दान कर दिया गया। नेत्रदान से वह भी दो जिंदगी को उजियारा दे गईं। मंगलवार आठ अप्रैल को पंडित शिव नारायण मिश्र ने भी अंतिम सांस ली तो उनका पार्थिव शरीर संकल्प के अनुसार दान में दे दिया गया। पंडित शिव नारायण मिश्र के पुत्र सौरभ मिश्रा और बहू भी शिक्षक हैं। उनका भरा पूरा परिवार है। बेटे सौरभ मिश्रा और भतीजे देवेंद्र मिश्रा श्रीराम कथा समिति गोसाईगंज से जुड़े हैं।

### वार्ता के बाद टला भाकियू का धरना

**माल(लखनऊ)।** विकास खण्ड कार्यालय परिसर में विभिन्न किसान समस्याओं को लेकर भाकियू लोकतांत्रिक गुट का मंगलवार से शुरू होने वाला अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता के बाद स्थगित कर दिया गया है। भाकियू जिलाध्यक्ष अतुल कुमार ने बताया कि उपजिलाधिकारी मलिहाबाद द्वारा प्रतिनिधि मंडल से वार्ता कर समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया गया है।सन्तोषजनक समाधान न किये जाने पर वृहद आंदोलन किया जाएगा। गौरतलब है कि भाकियू नेताओं ने प्रशासन को सरकारी जमीनों पर दबंगो द्वारा कब्जा किये जाने सहित पन्द्रह सूत्रीय मांग पत्र सौंपा था।जिसका निस्तारण कई माह बीत जाने के बाद भी नहीं हो पाया है।

### चलाया गया सघन वाहन चेकिंग अभियान

**लखनऊ।** बंथरा पुलिस ने मंगलवार शाम सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। क्षेत्र के बनी – मोहान रोड स्थित नारायणपुर चौराहे पर चलाए गए चेकिंग अभियान में पुलिस ने कई गाड़ियों की चेकिंग की। साथ ही वाहन सवारों की तलाशी भी ली। इस दौरान कई दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के पाए गए। जबकि कई वाहनों के कागजात अनकंप्लीट मिले। इस पर पुलिस ने ऐसे करीब एक दर्जन वाहनों का चालान किया। साथ ही वाहन चालकों को यातायात के नियम भी समझाए। पुलिस ने वाहन चालकों से हेलमेट लगाकर ही दो पहिया वाहन चलाने की अपील की। उन्होंने वाहनों के कागजात कंप्लीट करने के बाद ही वाहन लेकर घर से निकलने की हिदायत दी। बंथरा थाने की हरौनी पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अर्जुन राजपूत के नेतृत्व में चलाए गए इस वाहन चेकिंग अभियान में उपनिरीक्षक हरिशंकर पाठक, दीवान कुंवर उदय प्रताप, कांस्टेबल देवेंद्र कुमार और महिला सिपाही सावित्री व गुड़िया शामिल रहे।

### सूचना न देने पर 25 हजार का लगाया जुर्माना

**लखनऊ।** सरोजनीनगर तहसीलदार पर सूचना का अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी नहीं देने पर सूचना आयुक्त ने 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही जिलाधिकारी को भी अगली सुनवाई में उपस्थित होने का आदेश दिया है। बताते चलें कि सरोजनीनगर के रायसिंह खेड़ा, माती निवासी नीरज कुमार ने 4 दिसंबर 2023 को तहसीलदार से अपने एक केस की जानकारी मांगी थी। लेकिन तहसीलदार ने उसका कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद समय पर जवाब नहीं मिलने पर नीरज ने सरोजनीनगर एसडीएम को पत्र भेजा। पर एसडीएम ने भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। तब नीरज ने सूचना आयोग की शरण लेकर सूचना आयुक्त कोर्ट में अपील की। इस पर सूचना आयोग कोर्ट ने 10 फरवरी 2025 को तहसीलदार कार्यालय को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तहसीलदार से 20 मार्च 2025 तक जवाब देने को कहा। लेकिन इसके बावजूद तहसीलदार कार्यालय ने कोई जवाब नहीं दिया। इस पर 28 मार्च को सूचना आयुक्त ने आदेशों की अवहेलना और सूचना न देने के लिए तहसीलदार पर 25 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। साथ ही सूचना आयुक्त ने जिलाधिकारी लखनऊ को भी अगली सुनवाई में खुद उपस्थित होने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि अगली सुनवाई में जिलाधिकारी उपस्थित होकर बताएं कि तहसीलदार ने अब तक आवेदक को सूचना क्यों नहीं दी और इस मामले में तहसीलदार के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई की गई है। गौरतलब है कि सरोजनीनगर तहसील पहले भी विवादों में रही है।

### हरौनी में निर्माणधीन पुल का किया निरीक्षण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में हरौनी रेलवे स्टेशन पर उत्पन्न समस्याओं को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल हरौनी रेलवे स्टेशन के अधीक्षक राहुल पटेल से मुलाकात की और पुल के निर्माण में उत्पन्न समस्याओं के बारे में जाना । इस अवसर पर रेलवे अधीक्षक ने संगठन का सम्मान करते हुए पुल निर्माण में उत्पन्न सारी स्थितियों के बारे में अवगत कराया एवं उच्च सक्षम अधिकारियों से वार्ता कराई। निर्माणाधीन पुल के जूनियर इंजीनियर द्वारा यह आश्वासन दिया गया की पुल के नीचे की सड़क एक हफ्ते के अंदर दुरुस्त कर डामरीकरण कर दी जाएगी तथा बाकी जो कार्य पटरी के ऊपर जो पिलर लगने हैं । इस जटिल समस्याओं को देखते हुए कार्य को तेजी से करने के लिए अगले तीन दिनों में डीआरएम लखनऊ से मुलाकात की जाएगी। प्रदेश महासचिव विनोद सिंह , प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल सिंह , प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सरदार हरजीत सिंह , विधानसभा सरोजिनी नगर प्रभारी जितेंद्र हजेला , गौरी जनहित व्यापार मंडल अध्यक्ष दिलीप रावत रहे।

# फोम के गोदाम में लगी भीषण आग

## आधा दर्जन फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने बुझाई आग, लाखों की संपत्ति नष्ट होने का अनुमान

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**लखनऊ।** सरोजनी नगर इलाके के नूरनगर भदरसा स्थित एक गोदाम में अचानक आग लग गई ।आग लगने से मौके पर हड़कंप मच गया और मामले की जानकारी दमकल विभाग के अधिकारियों को दी गई ।सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल की 3 गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।बावजूद इसके भी किसी भी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई।

सरोजनी नगर के भदरसा गांव स्थित एक गोदाम में आग लग गई। जिसकी सूचना फायर स्टेशन सरोजनी नगर के कंट्रोल रूम को एम टी डी के माध्यम से दी गई ।सूचना पाकर मौके पर मुख्य अग्नि शमन अधिकारी एफ एस सरोजनी नगर से सुमित प्रताप सिंह के नेतृत्व में 3 फायर टेंडर 2945 ,5725 व 8717 मय यूनिट के तत्काल मौके पर पहुंचे और देखा कि आग कबाड़ के गोदाम में बेसमेंट के ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर पर लगी हुई थी । जो काफी भयानक रूप में जल रही थी । आग पूरी बिल्डिंग मे लगी हुई थी । आग की लपटे बहुत तेज निकल रही थी । अंदर कबाड़ व गद्दा वाला फोम भरा हुआ था। गोदाम के पीछे जाकर देखा गया तो मोहल्ले में लगभग 40 ,50 वर्कर रहते थे ।मौके पर अग्नि शमन अधिकारी भी उपस्थित थे ।तत्काल यूनिट के साथ लोगो को इब्याकुटे करते हुए बाहर निकलना शुरू किया तो किसी को कंधे का सहारा देकर और किसी को पकड़ कर और उनके सामान को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया ।यूनिट को आदेश करते हुए आग को बुझाने के बिल्डिंग के आगे से एक यूनिट और पीछे से एक यूनिट को लगाया गया ।आग की स्थिति को देखते हुए कंट्रोल रूम से और गाड़ियों की मांग की गई ।कुछ समय में एफ एस गंज से एक फायर टेंडर 4253 व एफ एस आलमबाग से 0451 व एफ एस पी जी आई से 0130 फायर घटना स्थल पर पहुंची।अग्नि शमन अधिकारी के निर्देश पर उनकी तत्परता से और यूनिट की कड़ी मशक्कत से आग को लगभग 4 से 5 घंटे में पूर्ण रूप से बुझा दिया गया ।इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई ।यह कबाड़ का गोदाम मालिक वाहिद अली पुत्र गुलाम अली की थी ।

## पटाखा व्यवसाई हिरासत में, लाइसेंस निरस्त



**लखनऊ।** गोसाईगंज क्षेत्र के जौखंडी गांव में पटाखा कारखाने में सोमवार को हुए विस्फोट के बाद हुई पुलिस जांच में कई कमियां पाए जाने पर कारखाना मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर हिरासत में लिया गया है। पटाखा लाइसेंस निरस्त करने के लिए कार्रवाई की जा रही है। मालूम हो कि गोसाईगंज क्षेत्र के जौखंडी गांव में पटाखा बनाने वाले कारखाने में सोमवार को विस्फोट हो गया था जिसमें पटाखा बना रहा सलमान दीवार में दबकर घायल हो गया था। उसके पैर में चोट आई थी। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस जांच से ज्ञात हुआ कि निसार पुत्र अब्दुल हक जिसके पास विस्फोटक बनाने और बेचने का लाइसेंस था वह जौखंडी गांव के बाहर खेतों में एक कमरा बनाकर विस्फोटक बनाते और रखते थे। जांच में पाया गया कि निसार को जिन शर्तों पर पटाखा लाइसेंस मिला था उनका पालन नहीं किया गया। बताया गया कि जहां विस्फोटक रखा था वहां आग बुझाने के लिए पानी, बालू की समुचित व्यवस्था नहीं थी। फायर सेफ्टी उपकरण भी सुचारू रूप से काम नहीं कर रहे थे। जांच के पश्चात उप निरीक्षक मनिंदर सिंह द्वारा लाइसेंस धारक निसार के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में थाना गोसाईगंज पर अभियोग पंजीकृत कराया गया है। पटाखा व्यवसाई को हिरासत में लिया गया है। लाइसेंस धारक का लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही भी की जा रही है। सोमवार को गोसाईगंज के जौखंडी गांव में गांव के बाहर पटाखा कारखाने में पटाखा बनाते समय विस्फोट के बाद आग लग गई थी और दीवार गिर गई थी। गोसाईगंज पुलिस और दमकल मौके पर पहुंची और आग बुझाई गई थी। विस्फोट में सलमान 35 वर्ष घायल हो गए। सलमान का दाहिना पैर टूट गया था। घटना के बाद पाया गया कि पटाखा बनाने का लाइसेंस था। इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया था कि विस्फोट के संबंध में जांच की जा रही है। मंगलवार को जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर कारखाना मालिक को हिरासत में लिया गया। लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। मालूम हो कि लाइसेंस पर धारक जा पता जौखंडी, संजय नगर अमेठी लिखा है।

### घर से लापता हुआ किशोर, पहुंचा मुंबई

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के थाना पीजीआई क्षेत्र गांधीनगर तेलीबाग मे रहने वाला 12 वी का छात्रा अचानक सुबह घर से संदिग्ध परिस्थितियों मे लापता हो गया। परिजनों ने काफी तलाश की लेकिन कुछ पता नही चला, देर शाम थाना पीजीआई मे लिखित सूचना दी, पुलिस ने गुमसुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश शुरु कर दी। मिली जानकारी के अनुसार थाना पीजीआई क्षेत्र तेलीबाग गांधीनगर मे रमेश कुमार परिवार के साथ रहते है। इनके बड़े बेटे जितेंद्र कुमार ने बताया कि 16 वर्षीय छोटा भाई उपेन्द्र विश्वकर्मा कक्षा 12 का छात्र है वह 6 अप्रैल की सुबह लगभग 4 बजे बिना कुछ बताए घर से कही चला गया है जिसकी काफी तलाश की गई है परन्तु कुछ पता नहीं चला। जिसकी सूचना पीजीआई थाने मे लिखित देकर सूचना दर्ज करा रखा है। चौकी इन्चार्ज दिनकर वर्मा ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस छानबीन के दौरान घर के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरा देखने पर पता चला किशोर पीठू बैग लिए घर से अकेले जा रहा है। सर्विलांस टीम की मदद से पता चला किशोर मुम्बई पहुच गया है जहाँ पुलिस अभिरक्षा मे है उसे लखनऊ लाया जा रहा है।

**बेटे को बचाने आई महिला से मारपीट**

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के तेलीबाग पुलिस चौकी अंतर्गत बलदेव विहार में मंगलवार रात करीब दो बजे अपने पालतू कुत्ते को टहलाने निकले युवक से मुहल्ले के युवक से विवाद हो गया,आरोपी ने अपने परिजनों को बुला लिया,और युवक को पीटने लगे, शोर मचाने पर बेटे को बचाने आई महिला को भी जमकर पीटा जिससे उसकी आंख में गंभीर चोट आई है, पीड़िता ने पीजीआई कोतवाली पुलिस को नामजद तहरीर दी है पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।


### कार्यालय ग्राम बरनई वि .ख . भावलखेड़ा जिला शाहजहांपुर

**निविदा आमंत्रण सूचना**

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2025–26 में पन्द्रहवां वित्त, पंचम राज्य वित्त आयोग, आर .जी .एस .ए/आईसीडीएस/ स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि व मनरेगा से ग्राम पंचायत में सीसी रोड़, इंटरलाकिंग रोड़ निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खण्डंजा ( नव निर्माण अथवा मरम्मत कार्य व SLWM के अंतर्गत तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी स्ट्रीट व सोलर लाइट, एलईडी लाइट स्थापना/मरम्मत, हैंडपम्प रिबोर/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिग, स्कूल शौचालय निर्माण व मरम्मत, दिव्यांग शौचालय निर्माण, मरम्मत, आंगनबाड़ी निर्माण/मरम्मत, स्कूल वॉउड्रीवाल नव निर्माण एवं मरम्मत कार्य, पंचायत घर निर्माण व मरम्मत कार्य, विद्यालयों का कायाकल्प, रंगाई, पुताई, सीएससी केंद्र निर्माण, शोकपिट निर्माण, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, खाद गड्ढे, हैंडपंप रेट्रो फिटिंग, समर सेवल कार्य, लाइट फिटिंग तथा गौशाला निर्माण व रखरखाव एवं पशुओ के लिए हरा चारा एवं भूसा सप्लाई अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, इंटरलाकिंग ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, लोहे के एंगल, गाटर/टीन चादर, टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख, ठेली क्रय, ई रिक्शा क्रय सफाई कर्मियों के लिए पीपीई किट, सैनिटाइजर, मास्क, फागिंग सफाई किट, कूडादान, लोहे के गेट व विंडो एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 03 बजे तक दिनांक 12 .04 .2025 तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 15 .04/2025 को अपराहन 03 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**आरती देवी** — ग्राम प्रधान
**मनीष कुमार** — सचिव


# आर्मी में तैनात जवान ने दी जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** थाना बिजनौर इलाके में एक आर्मी में तैनात जवान बिना किसी वजह के ही गाली गलौज करते हुए मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी ।इससे परेशान होकर पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर जवान के खिलाफ मारने पीटने और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। थाना बिजनौर के न्यू गुदौरा निवासी अजय कुमार राय पुत्र स्वर्गीय बद्री नारायण ने पुलिस को बताया कि 6 अप्रैल 25 को शाम करीब 5,55 बजे अपने पालतू कुत्ते के साथ घर पर बैठा था ।तभी मेरे घर से कुछ दूर रहने वाले आर्मी में तैनात जवान अजय प्रताप सिंह जो को आर्मी में तैनात है। अचानक मेरे पास आए और कहा कि आप क्या चाहते है और गाली गलौज करने लगे।

जब तक मैं कुछ समझ पाता तब तक ही जान लेवा हमला कर दिया ।हमे जमीन पर पटकने की कोशिश की लेकिन पास में लगी एक पाइप को पकड़ लिया ।इसके बाद उसने हमे कई मुक्के मारे ।पास में मौजूद कुछ लोगों ने हमे बचाया ।फिर मेरी पत्नी को कुरसी उठा कर मारने जा रहा था ।तभी कुत्ते ने भौंक कर दौड़ा।पहले उसकी पत्नी आई और पत्नी से झगड़ा किया ।इसी बात को लेकर अजय प्रताप ने जान से मारने की धमकी दी ।इस मार पीट के हमारे मुहल्ले के करीब 10 लोग गवाह भी है और सी सी टी वी फुटेज भी उपलब्ध है ।अजय कुमार राय ने पुलिस को तहरीर देकर आर्मी जवान के खिलाफ मारने पीटने और जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

**दुकान लगाने से किया मना**

**लखनऊ।** थाना बिजनौर इलाके में एक फल विक्रेताओं से कुछ दबंगों ने कहा कि अगर दुकानलगय तो सब को जान से मारने देंगे ।इससे परेशान होकर उक्त लोगो के खिलाफ जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट थाने में दर्ज करवाई है

थाना बिजनौर के न्यू गुदौरा निवासी मुकेश पुत्र सुघर लाल ने पुलिस को बताया कि 6 अप्रैल 25 को रात्रि समय करीब पौने ग्यारह बजे अपनी दुकान पर फल बेंच रहा था। तभी कल्लू पुत्र अजय पाल और उनके है दोस्त दुकान पर आए और बिना किसी कारण के ही गाली देने लगे।जिसका विरोध किया तो डंडे और हॉकी से मुझे और हमारे पिता को मारने लगे। इस मार पीट में हमे और हमारे पिता को काफी चोटे आई है।दबंगों ने कहा कि अगर दुकान लगाई तो तुम सब को जान से मार देंगे ।इसी दौरान आस पास के लोग भी आ गए और वह तब तक भाग निकले। मुकेश कुमार ने मारने पीटने और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।


### कार्यालय ग्राम डींगुपुर अर्सलानी वि .ख . भावलखेड़ा जिला शाहजहांपुर

**निविदा आमंत्रण सूचना**

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2025–26 में केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त आयोग व मनरेगा से ग्राम पंचायत में सीसी रोड़, इंटरलाकिंग रोड़ निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खण्डंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी स्ट्रीट व सोलर लाइट, एलईडी लाइट स्थापना/मरम्मत, हैंडपम्प रिबोर/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिग, स्कूल शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण, मरम्मत, आंगनबाड़ी निर्माण/मरम्मत, स्कूल वॉउड्रीवाल, पंचायत घर निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, रंगाई, पुताई, सीएससी केंद्र निर्माण, शोकपिट निर्माण, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, खाद गड्ढे, हैंडपंप रेट्रो फिटिंग, समर सेवल कार्य, लाइट फिटिंग तथा अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, इंटरलाकिंग ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, लोहे के एंगल, गाटर/टीन चादर, टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख, ठेली क्रय, ई रिक्शा क्रय सफाई कर्मियों के लिए पीपीई किट, सैनिटाइजर, मास्क, फागिंग सफाई किट, कूडादान, लोहे के गेट व विंडो एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 03 बजे तक दिनांक 10 .04 .2025 तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 11 .04/2025 को अपराहन 03 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**रूबी बेगम** — ग्राम प्रधान
**बिरला देवी** — सचिव



### कार्यालय ग्राम चक भिटारा वि .ख . भावलखेड़ा जिला शाहजहांपुर

**निविदा आमंत्रण सूचना**

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2025–26 में पन्द्रहवां वित्त, पंचम राज्य वित्त आयोग, आर .जी .एस .ए/आईसीडीएस/ स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि व मनरेगा से ग्राम पंचायत में सीसी रोड़, इंटरलाकिंग रोड़ निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खण्डंजा ( नव निर्माण अथवा मरम्मत कार्य व SLWM के अंतर्गत तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी स्ट्रीट व सोलर लाइट, एलईडी लाइट स्थापना/मरम्मत, हैंडपम्प रिबोर/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिग, स्कूल शौचालय निर्माण व मरम्मत, दिव्यांग शौचालय निर्माण, मरम्मत, आंगनबाड़ी निर्माण/मरम्मत, स्कूल वॉउड्रीवाल नव निर्माण एवं मरम्मत कार्य, पंचायत घर निर्माण व मरम्मत कार्य, विद्यालयों का कायाकल्प, रंगाई, पुताई, सीएससी केंद्र निर्माण, शोकपिट निर्माण, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, खाद गड्ढे, हैंडपंप रेट्रो फिटिंग, समर सेवल कार्य, लाइट फिटिंग तथा गौशाला निर्माण व रखरखाव एवं पशुओ के लिए हरा चारा एवं भूसा सप्लाई अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, इंटरलाकिंग ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, लोहे के एंगल, गाटर/टीन चादर, टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख, ठेली क्रय, ई रिक्शा क्रय सफाई कर्मियों के लिए पीपीई किट, सैनिटाइजर, मास्क, फागिंग सफाई किट, कूडादान, लोहे के गेट व विंडो एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 03 बजे तक दिनांक 11 .04 .2025 तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 15 .04/2025 को अपराहन 03 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**अशोक कुमार** — ग्राम प्रधान
**मनीष कुमार** — सचिव



### कार्यालय ग्राम पंचायत कटिया रज्जब वि .ख . भावलखेड़ा जिला शाहजहांपुर

**निविदा आमंत्रण सूचना**

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2025–26 में केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त आयोग व मनरेगा से ग्राम पंचायत में सीसी रोड़, इंटरलाकिंग रोड़ निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खण्डंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी स्ट्रीट व सोलर लाइट, एलईडी लाइट स्थापना/मरम्मत, हैंडपम्प रिबोर/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिग, स्कूल शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण, मरम्मत, आंगनबाड़ी निर्माण/मरम्मत, स्कूल वॉउड्रीवाल, पंचायत घर निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, रंगाई, पुताई, सीएससी केंद्र निर्माण, शोकपिट निर्माण, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, खाद गड्ढे, हैंडपंप रेट्रो फिटिंग, समर सेवल कार्य, लाइट फिटिंग तथा अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, इंटरलाकिंग ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, लोहे के एंगल, गाटर/टीन चादर, टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख, ठेली क्रय, ई रिक्शा क्रय सफाई कर्मियों के लिए पीपीई किट, सैनिटाइजर, मास्क, फागिंग सफाई किट, कूडादान, लोहे के गेट व विंडो एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 03 बजे तक दिनांक 10 .04 .2025 तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 11 .04 .2025 को अपराहन 04 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**मुकर्रम खा** — ग्राम प्रधान
**बिरला देवी** — सचिव



### कार्यालय ग्राम कटिया कम्मू वि .ख . भावलखेड़ा जिला शाहजहांपुर

**निविदा आमंत्रण सूचना**

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2025–26 में पन्द्रहवां वित्त, पंचम राज्य वित्त आयोग, आर .जी .एस .ए/आईसीडीएस/ स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि व मनरेगा से ग्राम पंचायत में सीसी रोड़, इंटरलाकिंग रोड़ निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खण्डंजा ( नव निर्माण अथवा मरम्मत कार्य व SLWM के अंतर्गत तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी स्ट्रीट व सोलर लाइट, एलईडी लाइट स्थापना/मरम्मत, हैंडपम्प रिबोर/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिग, स्कूल शौचालय निर्माण व मरम्मत, दिव्यांग शौचालय निर्माण, मरम्मत, आंगनबाड़ी निर्माण/मरम्मत, स्कूल वॉउड्रीवाल नव निर्माण एवं मरम्मत कार्य, पंचायत घर निर्माण व मरम्मत कार्य, विद्यालयों का कायाकल्प, रंगाई, पुताई, सीएससी केंद्र निर्माण, शोकपिट निर्माण, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, खाद गड्ढे, हैंडपंप रेट्रो फिटिंग, समर सेवल कार्य, लाइट फिटिंग तथा गौशाला निर्माण व रखरखाव एवं पशुओ के लिए हरा चारा एवं भूसा सप्लाई अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, इंटरलाकिंग ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, लोहे के एंगल, गाटर/टीन चादर, टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख, ठेली क्रय, ई रिक्शा क्रय सफाई कर्मियों के लिए पीपीई किट, सैनिटाइजर, मास्क, फागिंग सफाई किट, कूडादान, लोहे के गेट व विंडो एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 03 बजे तक दिनांक 12 .04 .2025 तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 15 .04/2025 को अपराहन 03 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**सखावत खां** — ग्राम प्रधान
**मनीष कुमार** — सचिव


# समतामूलक चौराहे तक सीधे फर्राटा भरेंगे वाहन

## एलडीए द्वारा निर्मित किये जा रहे ग्रीन कॉरिडोर का जिलाधिकारी विशाख जी ने किया निरीक्षण

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के द्वितीय चरण के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है। इसके पूरे होने से हनुमान सेतु से समतामूलक चौराहे तक वाहन सीधे फर्राटा भर सकेंगे। जिलाधिकारी विशाख जी0 ने लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित किये जा रहे ग्रीन कॉरिडोर व राष्ट्र प्रेरणा स्थल का मंगलवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समस्त कार्यों को मानकों के अनुरूप यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस मौके पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार व प्रभारी मुख्य अभियंता संजीव कुमार गुप्ता समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे। जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम ग्रीन कॉरिडोर का निरीक्षण किया गया।



इसमें पक्कापुल से डालीगंज तक 1.8 किलोमीटर की लंबाई में बनाये जा रहे आर0ओ0बी0 कम फ्लाई ओवर का कार्य देखा गया। अवगत कराया गया कि 67 पियर में से 37 पियर तथा 343 पाइल में से 316 पाइल का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। वहीं, 210 मीटर लंबे हनुमान सेतु 2-लेन ब्रिज का कार्य जून, 2025 तक पूर्ण करा लिया जायेगा। इसी तरह निशातगंज ब्रिज पर 240 मीटर लंबे चार लेन का निर्माण कार्य भी जून, 2025 तक पूरा हो जाएगा। परियोजना के अंतर्गत हनुमान सेतु से निशातगंज तक बंधा चौड़ीकरण को लेकर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि स्थल पर अस्थाई निर्माण को हटाते हुए समयान्तर्गत कार्य पूर्ण कराया जाए। इसके बाद जिलाधिकारी ने कुकरैल नदी पर 240 मीटर लंबाई में निर्मित किये जा रहे चार लेन ब्रिज का काम देखा। अवगत कराया गया कि 80 प्रतिशत काम पूरा हो गया है, शेष कार्य जून, 2025 तक पूर्ण करा लिया जाएगा। साथ ही कुकरैल ब्रिज के मर्जिंग प्वाइंट पर रोटरी का भी निर्माण कराया जाएगा। इससे ट्रैफिक का आवागमन सुचारू रूप से हो सकेगा। जिलाधिकारी विशाख जी0 ने हेरिटेज जोन में यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से नींबू पार्क रोड से चरक चौराहे तक जाने वाले मार्ग का भी निरीक्षण किया। मार्ग के बायें तरफ हुसैनाबाद ट्रस्ट की रिक्त भूमि है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि उक्त रिक्त भूमि को लेते हुए सड़क चौड़ीकरण का कार्य कराया जाए। इसके लिए नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जल्द से जल्द अनापत्ति प्राप्त की जाए। लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा बसंतकुंज योजना के सेक्टर-जे में 65 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित किये जा रहे राष्ट्र प्रेरणा स्थल का भी जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने अवगत कराया कि कैफेटेरिया, 5 ट्वायलेट ब्लॉक, 06 गेट, 3 हैलीपैड आदि विकास कार्य पूर्ण हो गये हैं। म्यूजियम ब्लॉक में क्लैडिंग का कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूर्ण कराया जा चुका है तथा म्यूजियम क्यूरेशन के लिए निविदा आमंत्रित की गयी है। उक्त समस्त कार्य दिसम्बर, 2025 तक पूर्ण करा लिया जाएगा।

» **निशातगंज से कुकरैल बंधा तक चौड़ीकरण का कार्य जून तक किया जाएगा पूरा**


### कार्यालय ग्राम जलालपुर ता . गुर्री वि .ख . भावलखेड़ा जिला शाहजहांपुर

**निविदा आमंत्रण सूचना**

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2025–26 में केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त आयोग व मनरेगा से ग्राम पंचायत में सीसी रोड़, इंटरलाकिंग रोड़ निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खण्डंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी स्ट्रीट व सोलर लाइट, एलईडी लाइट स्थापना/मरम्मत, हैंडपम्प रिबोर/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिग, स्कूल शौचालय निर्माण, दिव्यांग शौचालय निर्माण, मरम्मत, आंगनबाड़ी निर्माण/मरम्मत, स्कूल वॉउड्रीवाल, पंचायत घर निर्माण, विद्यालयों का कायाकल्प, रंगाई, पुताई, सीएससी केंद्र निर्माण, शोकपिट निर्माण, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, खाद गड्ढे, हैंडपंप रेट्रो फिटिंग, समर सेवल कार्य, लाइट फिटिंग तथा अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, इंटरलाकिंग ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, लोहे के एंगल, गाटर/टीन चादर, टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख, ठेली क्रय, ई रिक्शा क्रय सफाई कर्मियों के लिए पीपीई किट, सैनिटाइजर, मास्क, फागिंग सफाई किट, कूडादान, लोहे के गेट व विंडो एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 03 बजे तक दिनांक 10 .04 .2025 तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 11 .04/2025 को अपराहन 05 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**राम गुनी** — ग्राम प्रधान
**बिरला देवी** — सचिव



### कार्यालय ग्राम हुसैनपुर रुकनपुर वि .ख . भावलखेड़ा जिला शाहजहांपुर

**निविदा आमंत्रण सूचना**

पंजीकृत फर्मो के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2025–26 में पन्द्रहवां वित्त, पंचम राज्य वित्त आयोग, आर .जी .एस .ए/आईसीडीएस/ स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम निधि व मनरेगा से ग्राम पंचायत में सीसी रोड़, इंटरलाकिंग रोड़ निर्माण, नाली निर्माण/मरम्मत, खण्डंजा ( नव निर्माण अथवा मरम्मत कार्य व SLWM के अंतर्गत तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य, मिट्टी कार्य, फर्नीचर व दरी स्ट्रीट व सोलर लाइट, एलईडी लाइट स्थापना/मरम्मत, हैंडपम्प रिबोर/मरम्मत, हयूम पाइप क्रय, वॉल पेंटिग, स्कूल शौचालय निर्माण व मरम्मत, दिव्यांग शौचालय निर्माण, मरम्मत, आंगनबाड़ी निर्माण/मरम्मत, स्कूल वॉउड्रीवाल नव निर्माण एवं मरम्मत कार्य, पंचायत घर निर्माण व मरम्मत कार्य, विद्यालयों का कायाकल्प, रंगाई, पुताई, सीएससी केंद्र निर्माण, शोकपिट निर्माण, रैन वॉटर हार्वेस्टिंग, खाद गड्ढे, हैंडपंप रेट्रो फिटिंग, समर सेवल कार्य, लाइट फिटिंग तथा गौशाला निर्माण व रखरखाव एवं पशुओ के लिए हरा चारा एवं भूसा सप्लाई अन्य कार्य अनुरक्षण सहित कराए जाने है। उक्त वर्णित कार्यो के लिए सामग्री क्रय हेतु ईट, इंटरलाकिंग ईट, रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, रेत, लोहा सरिया, बजरी, टाइल्स, पाइप, लोहे के एंगल, गाटर/टीन चादर, टोंटी, प्रचार प्रसार बोर्ड, स्टेशनरी, पटान हेतु मिट्टी/राख, ठेली क्रय, ई रिक्शा क्रय सफाई कर्मियों के लिए पीपीई किट, सैनिटाइजर, मास्क, फागिंग सफाई किट, कूडादान, लोहे के गेट व विंडो एवं अन्य सामग्री/वस्तुओं की आपूर्ति के लिए सीलबंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर दोपहर 03 बजे तक दिनांक 12 .04 .2025 तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 15 .04/2025 को अपराहन 03 बजे खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**राम लड़ैते** — ग्राम प्रधान
**मनीष कुमार** — सचिव

